तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

कोरबा ने रचा इतिहास, हासिल किया विश्व का रेयर टू रेयरेस्ट रिकार्ड




## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने देखा परीक्षा पे चर्चा का लाइव प्रसारण

**कोरबा।** सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी दर्री में कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन पूर्व प्राचार्य नवल किशोर की अध्यक्षता में किया गया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों के लिए विदाई एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विदाई दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बद्री प्रसाद स्वर्णकार, फिरतराम साहू और चंदूलाल राठौर उपस्थित रहे। इस अवसर पर द्वादश के विद्यार्थियों ने विद्यालय से जुड़ी अपनी खट्टी-मीठी यादों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन प्रज्ञा, तृप्ति और सोनिया ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन भैया आलोक द्वारा किया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुषमा बारस्कर ने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए प्रेरित किया।

### कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**कोरबा।** डीएवी खरमोरा स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुस्कुराते चेहरों और स्नेह भरे शब्दों के बीच कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों का विद्यालय परिसर में प्रवेश हुआ। इसके पश्चात कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनोरंजनात्मक खेल एवं रोचक गतिविधियों ने सबका मन मोह लिया। प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय ने इन विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास भी प्रदान किया है, जो बच्चों को एक अच्छे इंसान बने रहने के लिए प्रेरित करता रहेगा। समारोह का मुख्य आकर्षण मिस फेयरवेल एवं मिस्टर फेयरवेल का चयन रहा। मिस फेयरवेल के रूप में मेघा केसरवानी का चयन किया गया। इसी क्रम में मिस्टर फेयरवेल का खिताब संजय सिंह को प्रदान किया गया।

### विद्यार्थियों ने परीक्षा में स्ट्रेस कम करने के सीखे गुर

**कटघोरा।** स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय मदनपुर रजकम्मा के विशाल स्क्रीन में माननीय प्रधानमंत्री का विभिन्न प्रान्तों के स्टूडेंड के साथ हो रही परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का छात्र-छात्राओं ने सीधा प्रसारण देखा।प्राचार्य राजीव जोगी के साथ एस एम डी सी अध्यक्ष कृष्णा यदु, मदनपुर सरपंच सरवन सिंह मराबी ,व्याख्याता पुष्पक साहू,विनोद जायसवाल, कुमुदिनी राम,सितारा अग्रवाल सहित 102 विद्यार्थी उपस्थित थे। चर्चा के दौरान कठिन सवालों को आसान बनाना, परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों के तनाव को कम करने संबंधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा दी गई टिप्स को ध्यानपूर्वक सुना। पढ़ाई को बोझ न समझते हुए खेल की तरह लेकर उसे मजेदार बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के उपरांत परीक्षा पे चर्चा में आपने क्या सीखा पर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से रिवीजन कराया गया। छात्र-छात्राओं को इस चर्चा पर जो जिज्ञासा एवं कौतूहल कार्यक्रम के अंत तक बना रहा।

### लावण्य ने जीता अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलांपियार्ड में स्वर्ण पदक

**कोरबा।** डीएव्ही पब्लिक स्कूल कुसमुण्डा की कक्षा 9वीं की छात्रा लावण्य प्रधान ने अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलांपियार्ड प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। उन्हें राष्ट्रीय हिन्दी प्रतिभा सम्मान और नगद राशि से भी पुरस्कृत किया गया। यह प्रतियोगिता हिन्दी विकास संस्थान दिल्ली द्वारा आयोजित की गई थी। लावण्य को यह सम्मान हाल ही में नई दिल्ली स्थित तीन मूर्ति भवन, प्रधानमंत्री संग्रहालय के सभागार में प्रदान किया गया। राष्ट्रीय हिन्दी प्रतिभा सम्मान प्राप्त कर लावण्य प्रधान ने गर्व महसूस किया। उन्होंने इस सम्मान के लिए चयन समिति का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह यह पुरस्कार अपने माता-पिता, स्कूल के शिक्षकों और प्रधानाचार्य को समर्पित करती हैं।

# रेल बजट में कटघोरा-कवर्धा रेलवे लाइन का नहीं है जिक्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

आम बजट के साथ प्रस्तुत हुई रेल बजट में कटघोरा से कवर्धा तक बिछाई जाने वाली रेल लाइन का जिक्र नहीं होने के कारण इसके शुरु होने को लेकर अनिश्चितता के बादल मंडाराने लगे हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत वर्तमान में 4 बड़ी रेल परियोजनाओं का काम चल रहा है और इन बड़ी रेल परियोजनाओं में कटघोरा कवर्धा रेल लाइन का कोई जिक्र नहीं होने से परियोजना के अधर में पड़ी होने की संभावना नजर आ रही है जबकि इसके लिए बड़ी राशि स्वीकृत हो चुकी है।

कोरबा जिले में रेल सुविधाओं का विस्तार किए जाने की कड़ी में कटघोरा से कवर्धा तक 300 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाने के लिए सर्वे हुआ था। उक्त सर्वे के दौरान 22 रेलवे स्टेशनों का निर्माण होना है। इसके सर्वे होने के बाद कटघोरावासियों को भी रेल सुविधा की उम्मीद जग गई थी। उक्त रेल मार्ग से सवारी गाड़ियां ही चलाए जाने का प्रस्ताव था। अब तक कोरबा रेलवे स्टेशन से ही सवारी गाड़ियां चलती हैं। कटघोरा से सवारी गाड़ी की शुरुआत होने से कटघोरा भी रेल सुविधाओं से जुड़ जाता। केंद्र सरकार के द्वारा अपनी बड़ी परियोजनाओं में इसे शामिल किया गया था और इसके लिए बजट में राशि भी स्वीकृत हुई थी किंतु इसके बावजूद रेल लाइन बिछाने से संबंधित कोई भी योजना अब तक सतह पर नहीं आ सकी है। जबकि गुड्स गाड़ियों के लिए कई करोड़ की परियोजनाएं कोरबा जिले में चल रही हैं। इसके तहत उरगा पेंड्रा सबसे बड़ी परियोजना है। इसी तरह धरमजयगढ़ से उरगा और बालपुर से उरगा चौथी रेल लाइन का निर्माण चल रहा है। इन परियोजनाओं के शुरु होने से कटघोरा और कवर्धा रेल लाइन निर्माण को लेकर भी कार्ययोजना शुरु होने की उम्मीद जगी थी लेकिन अब तक इसके निर्माण को लेकर कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आयी है।

### आम बजट के साथ ही पेश हुआ है रेल बजट



#### अमृत मिशन के तहत चल रहा है काम

अमृत मिशन के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशन को अपडेट किया जा रहा है। इसमें टिकट काउंटर से लेकर यात्री प्रतिक्षालय का निर्माण सहित अन्य यात्री सुविधाओं को फोकस कर कार्य किया जा रहा है। कोरबा रेलवे स्टेशन को भी अमृत मिशन में शामिल कर इसका सौंदर्यीकरण करते हुए मूलभूत सुविधाएं बढ़ाई जा रही है किंतु कार्य की मंद रफ्तार को देखते हुए इसके समय पर पूरे होने पर भी सवाल खड़े होते हैं। हालांकि विभागीय अधिकारियों के द्वारा लगातार निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी पर दबाव बनाया जा रहा है।

### बिलासपुर मस्तूरी से चारों युवक बालको बेला कछार जा रहे थे शादी में

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गिरी खाई में, दो की मौत दो गंभीर

### भारत माला उरगा टोल प्लाजा के समीप हुआ हादसा



दुर्घटनाग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले बिलासपुर मस्तूरी क्षेत्र में रहने वाले चार युवक कार में सवार होकर बालको बेलाकछार शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकले थे। रात को उनकी तेज रफ्तार कर उरगा टोल प्लाजा भारतमाला सड़क पर अनियंत्रित हो गई और सीधे खाई पर जा गिरी। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए बिलासपुर अपोलो अस्पताल रेफर किया गया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर दोनों मृतकों के शव को परिजनों के सुपर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला बिलासपुर थाना मस्तूरी के ग्राम किरारी निवासी राहुल राय 30 वर्ष पिता कन्हैयालाल राय, मस्तूरी निवासी ढालु अग्रवाल 38 वर्ष पिता स्व गजपंद अग्रवाल, विराट अग्रवाल और भोलाराम नामक चार युवक गुरुवार को कार क्रमांक सीजी 10 बीएफ 9922 में सवार होकर मस्तूरी से कोरबा बालको थाना क्षेत्र के ग्राम बेलाकछार शादी समारोह में जाने के लिए निकले थे। बताया जाता है कि चारों युवक कार में सवार होकर बिलासपुर भारतमाला सड़क से आ रहे थे। देर रात लगभग 10 बजे के आसपास उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत उरगा टोल प्लाजा के समीप पहुंचे थे कि उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सीधे खाई पर जा गिरी। हादसे के होते ही कार के परखच्चे उड़ गए और घटना की सूचना मिलते ही उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी दल बल सहित मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे चारों युवकों बाहर निकल गया और उन्हें उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत राहुल राय व ढालु अग्रवाल मृत घोषित कर दिया जबकि विराट और भोलाराम गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर अपोलो अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले में राहुल राय और ढालू अग्रवाल के शव का वैधानिक कार्यवाही के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है वहीं दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।


#### शादी की खुशी बदली मातम में

उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में मृत राहुल राय एनएसयूआई के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक एवं वर्तमान युवा कांग्रेस नेता थे। वहीं दूसरी ओर ढालू अग्रवाल ऑटोमोबाइल एजेंसी संचालक थे। हादसे में मस्तूरी के युवकों के मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जैसे ही देर रात को हादसे की खबर लोगों को मिली शादी की खुशी मातम में तब्दील हो गई। बताया जाता है कि हादसे में घायल दोनों युवक की हालत भी नाजूक बतायी जा रही है।

#### मिट्टी का ढेर देख मोड़ दी स्टेरिंग

जिस मार्ग में हादसा हुआ है वह मार्ग निर्माणाधीन है। बताया जाता है कि उरगा टोल प्लाजा के समीप आगे की सड़क नहीं बन पाया है जिसकी वजह से आगे मे मिट्टी का ढेर डाल दिया गया है। संभावना जतायी है जा रही है कि चारों युवक बिलासपुर से आते समय उनकी कार की रफ्तार बहुत तेज थी और अचानक मिट्टी का ढेर सामने दिखने पर संभवतः कार के चालक ने गाड़ी की स्टेरिंग मोड़ दी जिससे कार का संतुलन बिगड़ा और कार खाई में गिरते हुए तीन बार पलट खा गई। हादसे में कार के पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए हैं। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि कार रफ्तार में रही होगी। बताया जाता है कि ज्यादातर लोग कोरबा और बिलासपुर आने जाने के लिए भारतमाला सड़क का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। जहां उरगा के आगे अभी सड़क नहीं बन पायी है तो वहीं बिलासपुर में ब्रिज निर्माण का काम जारी है।

# खाद्यान्न का वितरण किया नहीं और कार्ड में कर लिया दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

खाद्य विभाग की पीडीएस दुकानों में हो रही गड़बड़ी और फर्जीवाड़े की शिकायतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। जांच होने और दुकान निलंबन की कार्यवाही होने के बावजूद फर्जीवाड़ा करने वालों के हौसले बुलंद बने हुए हैं। हाल ही में एक नया मामला करतला ब्लॉक के चैनपुर नवापारा का सामने आया है। जहां दो माह का राशन हितग्राहियों का मिला नहीं और उनके कार्ड में दर्ज कर लिया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार करतला ब्लॉक के चैनपुर नवापारा में कल्याणी महिला स्व सहायता समूह के द्वारा पीडीएस दुकान का संचालन किया जाता है। समूह के द्वारा क्षेत्र के हितग्राहियों को लगातार खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया जा रहा था लेकिन दिसंबर और जनवरी माह का खाद्यान्न हितग्राहियों को नहीं मिला है जबकि हितग्राहियों के राशन कार्ड में दोनों महीने के रिकार्ड में दर्ज कर लिया गया है। हितग्राहियों के पूछने पर यह कहा जाता है कि खाद्यान्न आएगा तो वितरण कर देंगे। जबकि खाद्यान्न का क्षेत्र के आसपास के दुकानों में दोनों महीने का कर दिया गया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला प्रशासन से की है। चैनपुर नवापारा के अलावा अन्य ग्रामीण अंचलों से भी इसी तरह की शिकायतें सामने आने के बावजूद खाद्य विभाग के द्वारा ऐसे मामले को गंभीरता से नहीं लिए जाने के कारण शिकायतें जनदर्शन में पहुंच रही है।

#### हितग्राही विभाग और पीडीएस दुकान का काट रहे चक्कर

खाद्य विभाग के अनुसार हितग्राहियों के केवाईसी अपडेट नहीं होने के कारण उनके कोटे का खाद्यान्न आबंटन मुख्यालय से रोक दिया गया है जिसकी वजह से कई हितग्राहियों के नाम राशन कार्ड में दर्ज है। जिसकी वजह से खाद्यान्न का वितरण नहीं हो पा रहा है। विभाग के द्वारा ऐसे हितग्राहियों को जिनके केवाईसी अपडेट नहीं हैं उन्हें पीडीएस दुकान जाकर केवाईसी अपडेट कराने के लिए कहा गया है। जब हितग्राही पीडीएस दुकान जाते हैं तो दुकान संचालकों के द्वारा विभाग में जाकर अपडेट कराने के लिए कहा जाता है इससे परेशान हितग्राही विभाग और पीडीएस दुकान के चक्कर काट रहे हैं।

# चोरी के दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनसे चोरी का माल भी बरामद कर लिया गया है। पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत शैलेस कुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4-5 फरवरी की दरमियानी रात रेलवे साइडिंग चैनेज नंबर 96 तेलियामार के कंस्ट्रक्शन एरिया में रखे करीब 22 नग लोहे के सेटरिंग प्लेट को कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी में जुटी रही। मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में थाना प्रभारी पसान चन्द्रपाल खाण्डे, प्रआर राजेन्द्र राय, आर. कमल कैवर्त, आर. विष्णु पाटले की टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी इसी दौरान आरोपी दीपक कुमार साहू उर्फ पप्पू, नरेश तिर्की द्वारा चोरी कर चोरी के सेंटरिंग प्लेट कबाडी ताहिर अंसारी पेण्ड्रा के पास बेचना पाये जाने पर चोरी का माल सेंटरिंग प्लेट कबाडी ताहिर अंसारी के यार्ड से तथा चोरी के मशरूका की बिक्री रकम 73 सौ रू. जप्त कर आरोपी पसान निवासी दीपक कुमार साहू उर्फ पप्पू साहू उम्र 33 वर्ष पिता श्याम लाल साहू, तेलियामार पसान निवासी नरेश तिर्की उम्र 35 वर्ष पिता मदन लाल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# गेवरा खदान दुर्घटनाओं पर डीजीएमएस ने 15 दिनों के भीतर मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

#### खास बात

- जांच में प्रबंधन की लापरवाही व नियमों का उल्लंघन हुआ उजागर


फाइल फोटो

खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) ने कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल द्वारा संचालित गेवरा ओपनकास्ट खदान में हो रही लगातार दुर्घटनाओं और सुरक्षा चूक पर जारी रिपोर्ट में 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। डीजीएमएस ने जांच रिपोर्ट में कहा है कि पर्यावरण नियमों की धज्जियां उड़ाने और यातायात प्रबंधन में गंभीर लापरवाही की पुष्टि हुई है।

शिकायत के बाद डीजीएमएस की जांच में गंभीर कमियां पायी गई है। जिसमें मुख्य रूप से कोयला परिवहन के लिए खुले टिपरों का उपयोग किया जा रहा है जो छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के नियमों के विरुद्ध है। निरीक्षण के दौरान 15 फॉग कैनन मशीनों में से केवल 4 चालू हालत में मिलीं सड़कों पर धूल दबाने के लिए पानी के छिड़काव की कोई पर्याप्त व्यवस्था नहीं पाई गई। लाइट मोटर व्हीकल के लिए निर्धारित सड़कों का निर्माण अधूरा है कई महत्वपूर्ण क्रॉसिंग पर न तो सुरक्षा बैरियर हैं न सिग्नल लाइट और न ही साइन बोर्ड। खदान के संवेदनशील लोडिंग क्षेत्रों में बाहरी और अनाधिकृत व्यक्तियों की मौजूदगी पाई गई जो सीधे तौर पर सुरक्षा से खिलवाड़ है। गेवरा खदान की सुरक्षा प्रबंधन योजना की समीक्षा अब एक स्वतंत्र साइंटिफिक इंस्टीट्यूट द्वारा की जाएगी। भीड़ कम करने के लिए कंप्यूटरीकृत टोकन सिस्टम और पूरी खदान में सीसीटीवी निगरानी अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रबंधन को सभी उल्लंघन बिंदुओं पर 15 दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का अल्टीमेटम दिया गया है।

### थाना व चौकियों में क्यूआर कोड किया गया चस्पा

# क्यूआर कोड से जनता सीधे आईजी को थाने की व्यवस्था के संबंध में देगी फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस को हाईटेक बनाने की दिशा पर रेज स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। थाना व चौकियों में होने वाले कार्यों की हर एक जानकारी अब सीधे बिलासपुर रेंज के आईजी तक पहुंच सकेगी। इसके लिए बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग के द्वारा एक नवाचार के तहत अनुभव क्यूआर कोड की शुरुआत की गई है। जहां जिले के सभी पुलिस कार्यालय, थाना व चौकियों में चस्पा किया जाएगा। और इस क्यूआर कोड के माध्यम से कोई भी आम जनता अपने मोबाइल पर क्यूआर कोड को स्कैन कर अपना फीडबैक आईजी को दे सकेंगे।


आरक्षक थाने में चस्पा करता क्यूआर कोड।

बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग ने विगत दिनों अपने कोरबा प्रवास के दौरान जिले में सशक्त मोबाइल एप्प की शुरुआत जिले में की थी। इस एप्प के माध्यम से चोरी के गाड़ियों को पकड़ने में पुलिस का काम आसान होगा। वहीं आईजी श्री गर्ग ने अब जनता से सीधे फीडबैक लेने के लिए अनुभव क्यूआर कोड का शुभारंभ किया है। इस क्यू आर कोड को स्कैन करके आम जन थाने से, संबंधित अपना फीडबैक दे सकेंगे। आईजी रामगोपाल गर्ग इस ऐप के प्रणेता भी हैं, ने अपने उद्बबोधन में बताया, की अब समय आ गया है कि पुलिस तकनीकी रूप से सक्षम बने, और आम जन भी, सरल तकनीक के माध्यम से पुलिस के साथ अपने अनुभव साझा कर सके। इसके लिए ये पहल अनुभव के माध्यम से प्रारम्भ की जा रही है। जिसमें थाने, और पुलिस के अन्य कार्यालयों में क्यू आर कोड लगाए गए हैं, जिन्हें अपने मोबाइल से स्कैन करके कोई भी व्यक्ति अपना फीडबैक दे सकता है।कोड को स्कैन करने पर एक सरल गूगल फॉर्म खुलता है, जिसमें प्रश्नोत्तर के माध्यम से, संबंधित व्यक्ति अपना फीडबैक दे सकता है,जो सबमिट करने पर सीधे पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में दर्ज हो जाएगा।

#### जानकारी रहेगी गोपनीय

फीडबैक देने वाला व्यक्ति चाहे तो अपनी पहचान और मोबाइल नंबर भी गोपनीय रख सकता है, इसे पूरी तरह से वैकल्पिक रखा गया है। आईजी श्री गर्ग ने आगे बताया कि रेंज के सभी 8 जिलों में एक साथ इस अनुभव सिस्टम का आरम्भ किया जा रहा है, इसके लिए रेंज के सभी थानों में क्यूआर कोड की स्थापना कर दी गई है।

### बिजली बिल से परेशान महिला ने की शिकायत

**चैतमा।** पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डोढ़की का आश्रित मोहल्ला भेलवाटिकरा निवासी श्रीमती बंधन बाई पति सूखतू राम अकेले निवास करती है। वह एक बल्ब जलाकर अपना गुजर बसर करती है। जिसका महीने का बिल 3 हजार आया। बिल को देखकर बंधन बाई के होश उड़ गए हैं। उसने इसकी शिकायत बिजली विभाग में की है। शिकायत के बाद भी बंधन बाई का बिजली बिल कम नहीं हो रहा है। जिससे परेशान होकर बंधन बाई ने बिजली बिल पटाने से ही मना कर दी ताकि जब बिजली विभाग से कोई कर्मचारी आये तो उसे इस समस्या से अवगत कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पलटी कार, कांग्रेस नेता सहित दो की मौत

**बिलासपुर**। कोरबा में निर्माणाधीन भारतमाला सड़क पर गुरूवार को दर्दनाक सड़क हादस हो गया। हादसे में युवा कांग्रेस नेता सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मस्तूरी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष समेत दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।





मिली जानकारी के अनुसार, मस्तूरी के एनएसयूआई के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक व युवा कांग्रेस नेता राहुल राय अपनी कार सीजी 10 बीएफ 9922 से शादी में शामिल होने बालको जा रहे थे। मस्तूरी के ही शिवम ऑटोमोबाइल एजेंसी के मालिक ढालू अग्रवाल, मस्तूरी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भोला राम साहू और राहुल मौजूद थे। चारों रात करीब साढ़े नौ बजे उरगा पहुंचे थे। इससे पहले बिलासपुर के छाबड़ा पैलेस में शादी समारोह में शामिल होकर बालको के लिए रवाना हुए थे। कोरबा शहर में प्रवेश के दौरान उनकी कार निर्माणाधीन लेन में उतर गई। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी और तीन बार पलट गई। हादसे में राहुल राय और ढालू अग्रवाल को सिर व सीने में गंभीर चोटें आईं, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भोला साहू और राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे आ रहे दोस्तों ने तत्काल घायलों को बिलासपुर स्थित अपोलो अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

### नाबालिग से रेप आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**। नाबालिग लड़की को अपहरण कर रेप करने के मामले में चकरभाठा पुलिस ने आरोपी युवक को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार नाबालिग के परिजनों ने 11 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उनकी बेटी का अपहरण कर लिया गया है। चकरभाठा थाना में रिपोर्ट होने के बाद पुलिस ने पतासाजी शुरू की। इस दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी युवक नाबालिग लड़की के साथ रायपुर में रह रहा है। पुलिस ने टीम भेजकर इंद्रपुरी हिर्री माइंस निवासी विक्की डहरिया पिता तीतऊ राम डहरिया उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से नाबालिग लड़की को भी बरामद कर लिया गया है। जांच में पाया गया है कि आरोपी ने नाबालिग के साथ शरीरिक संबंध बनाया है। पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया है।

### नशेड़ी ने महिला को मारा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। सरेराह सुनसान पाकर महिला के गले में झपटामार कर घायल करने वाले युवकों की तलाश में तोरवा पुलिस जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज में युवकों की पहचान की जा रही है, पुलिस के अनुसार जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। बताया जा रहा है कि शंकर नगर निवासी ज्योति सिंह उम्र 48 वर्ष गुरूवार की शाम शंकर नगर नकटी भवानी मंदिर के पास अपनी स्कूटी से जा रही थी, शाम 6 बजे स्कूटी सवार दो अज्ञात व्यक्ति सामने से आते हुए झपटमारी के नियत से गले की ओर बढ़े, इस दौरान हाथ बढ़ाते हुए उन्होंने महिला के कंधे में वार कर दिया है, जिससे महिला को हल्की चोट आई है। मामले में महिला ने तोरवा थाना में अपराध दर्ज कराया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की पतासाजी कर रही है।

## सूचना मिलते ही विभाग ने किया अलर्ट

बाघिन का वीडियो एक राहगीर ने बनाकर वन विभाग को किया शेयर

# अमरकंटक जलेश्वर पेण्ड्रा मुख्य मार्ग पर विचरण कर रही बाघिन

**बिलासपुर**। अमरकंटक से पेण्ड्रा के बीच जलेश्वर मार्ग पर एक बाघिन पिछले कई दिनों से खुलेआम सड़क पर विचरण कर रही है। इस बाघिन का वीडियो एक राहगीर ने बनाकर वन विभाग को शेयर किया, जिसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम को अलर्ट रहने का आदेश जारी कर दिया गया है।

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही वन विभाग के अंतर्गत अमरकंटक से जलेश्वर पेण्ड्रा मुख्य मार्ग पर मादा बाघिन की मौजूदगी से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। अमरकंटक से पेण्ड्रा लौट रहे पेण्ड्रा निवासी शिक्षक दंपत्ति ने जलेश्वर से घाट उतरते समय मार्ग पर सड़क पार करती बाघिन का वीडियो अपनी कार से बनाया, जो सोशल वीडियो में वायरल हो गया है। कार की हैडलाइट पड़ते ही बाघिन सड़क पार करने का प्रयास करती नजर आई। वीडियो में एक सियार भी आसपास घूमते और आवाज करते हुए दिखाई दे रहा है। बाघिन जंगल की ओर जाना चाह रही थी, लेकिन





सड़क किनारे वन विभाग की ओर से लगाए गए कांटेदार तार के कारण वह कुछ देर इधर-उधर घूमते रही, जिसके बाद उसने छलांग लगाकर तार पार किया और जंगल की ओर चली गई। पिछले कई दिनों से इस मार्ग पर बाघिन के मूवमेंट के कारण गुजरने वाले लोगों में सतर्कता बढ़ गई है। छह माह पहले इसी क्षेत्र में एक मादा बाघिन ने कइ मवेशियों का शिकार किया था, जिससे ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है। विभागीय अफसरों के अनुसार इस परिक्षेत्र में मादा बाघिन के 2 फरवरी को केंवची, रूपनडांड जंगल से होकर अमरकंटक की ओर जाने की सूचना प्राप्त हुई है, जिससे रात्रिकालीन गश्त कर ग्रामीणों को सूचना प्रदान की गई। वहीं बुधवार को पुनः अमरकंटक जालेश्वर मार्ग में रात के समय वही मादा बाघिन दिखी, जिसके पग निशान को देखा गया। बाघिन के जालेश्वर मार्ग जंगल से होकर अचानकमार टाइगर रिजर्व की तरफ बढ़ने की संभावना है।

### स्पष्ट नहीं कहां से आई

अमरकंटक से जालेश्वर मार्ग पर बाघिन का मूवमेंट देखा गया है। यह बाघिन मादा है, जो शायद बिछड़कर इधर आई है। सूचना मिलते ही अलर्ट कराने के साथ गांव में मुनादी कराई जा रही है, ताकि किसी तरह की घटना न हो सके। कील कैमरे के साथ ट्रैप कैमरे को भी स्टेबलिस्ट किया जा रहा है। डब्लूआईआई से चर्चा में भी यह जानकारी नहीं मिल पा रही है कि यह बाघिन बांधवगढ़ या एटीआर की है। फिलहाल लगातार बाघिन पर निगरानी रखने का आदेश स्टाफ को दिया गया है।

**-ग्रीष्मी चांद** डीएफओ, पेण्ड्रा मरवाही वन मंडल

## ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने चला बुलडोजर

# निगम ने हंगामे और विरोध के बीच सड़क किनारे से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में आवागमन बाधित होने और लगातार लग रहे जाम से राहत दिलाने के लिए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने एक बार फिर संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाया गया। साथ ही अवैध कब्जा करने वाले व्यापारियों पर भी कार्रवाई की गई।

ध्यान रहे कि शहर के अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैंड, श्रीकांत वर्मा मार्ग और महाराणा प्रताप चौक से नेहरू चौक तक के क्षेत्रों को पहले ही ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन घोषित किया जा चुका है। इन इलाकों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर बिना किसी रियायत के कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत चलाया जा रहा है। अभियान के चौथे सेक्टर के रूप में तालापारा स्थित मगरपारा चौक से भारतीय नगर चौक तक की सड़क को शामिल किया गया है। यहां पुलिस, जिला प्रशासन और नगर निगम के समन्वय से अवैध अतिक्रमण, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स और होर्डिंग हटाए जा रहे हैं।




दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटाता नगर निगम का अमला।

### लगातार एक महीने तक होगी कार्रवाई

यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। नगर निगम के साथ संयुक्त कार्रवाई में मगरपारा चौक से भारतीय नगर चौक तक विशेष अभियान चलाया गया। अधिकारियों के मुताबिक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों और अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार यह अभियान पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एक माह तक चलेगा। इस दौरान मुख्य मार्गों से ठेला, गुमटी और चलित दुकानों को हटाया जाएगा, अव्यवस्थित पार्किंग पर रोक लगेगी और ट्रैफिक बाधित करने वाली सभी संरचनाओं को हटाया जाएगा।

## नमूना लेकर जांच के लिए भेजा

# नकली कास्मेटिक की शिकायत पर पहुंची ड्रग विभाग की टीम



जांच करती खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार विहार के सागर ट्रेडिंग कंपनी पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम शुक्रवार की सुबह जांच के लिए पहुंची। इस दौरान टीम को नकली कॉस्मेटिक बेचने की शिकायत मिली थी। जिसपर टीम ने वहां मौजूद हेयर ऑयल और कास्मेटिक्स की जांच की और नमूना जब्त कर रायपुर कार्यालय भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि हेयर ऑयल सहित कई कॉस्मेटिक उत्पादों पर नकली होने का संदेह होने पर टीम ने सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजने की औपचारिकता पूरी कर ली गई। इस दौरान बाजार में उपलब्ध ब्रॉड से मिलते जुलते हेयर ऑयल और कास्मेटिक्स उत्पाद पाए गए है। अधिकारियों ने बताया कि रूटिन जांच के लिए टीम पहुंची थी लेकिन सूत्रों के अनुसार शिकायत पर महज 1 की दुकान पर जांच की कार्रवाई की गई है जबकि रूटिन जांच में एक साथ कई जगहों पर टीम पहुंचती है। ऐसे में विभाग की कार्रवाई भी संदेह के घेरे में आ चुकी है, दरअसल पिछले कई माह से टीम लगातार कार्रवाई कर रही है लेकिन हर बार सैंपल जब्त करने के बावजूद रायपुर कार्यालय से रिपोर्ट सामने नहीं आती है, जिससे जांच की औपचारिकता ही सवालों का सामना कर रही है।

### रायपुर की बिल पर शहर में बेच रहा था दवा

ड्रग विभाग की टीम बिलासपुर के मंगला चौक पर स्थित प्रिज्म मेडिकल स्टोर पर भी शुक्रवार को छापामार कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि मेडिकल स्टोर शिवनाथ हेल्थ केयर के नाम पर दर्ज है, जबकि दुकान संचालक द्वारा बिलिंग प्रिज्म मेडिकल स्टोर के नाम पर की जा रही है। इस दौरान दुकान में रायपुर की बिल पर दवा स्टोर कर रखा गया था, जबकि बिलासपुर के लिए दवा नहीं खरीदी गई थी। साथ ही अन्य दस्तावेजों में भी विसंगति मिलने के बाद विभाग ने दवा का सैंपल और कुछ दस्तावेजों को लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि बिलासपुर जिले से संबंधित क्रय दस्तावेज नहीं मिलने के कारण टीम ने संदेह के तहत कार्रवाई की है।

### लिया गया है सैंपल

हमारी टीम लगातार रूटीन कार्रवाई करती है। इस दौरान शिकायत आने पर भी टीम दुकानों में जांच करती है। शुक्रवार को कई जगहों पर कार्रवाई की गई है। व्यापार विहार में संदेह के आधार पर सैंपल कलेक्ट किया गया है। साथ ही एक मेडिकल दुकान में भी जांच की गई है।

**-भीष्म सिंह कंवर**, ड्रग कंट्रोलर, फूड एंड ड्रग विभाग

# नाली में खाद्य पदार्थ, होटल रेड डायमंड पर पांच हजार का जुर्माना




अधिकारियों की बैठक लेते निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे।

**बिलासपुर**। साफ-सफाई और उससे जुड़े हर काम को प्राथमिकता के साथ करते हुए समय सीमा के भीतर पूरा करें। स्वच्छता के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त निर्देश नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने दृष्टी सभाकक्ष में बैठक लेकर निगम अधिकारियों को दिए। इससे पूर्व सुबह निरीक्षण में निकलें निगम कमिश्नर ने देखा कि तोरवा क्षेत्र में स्थित होटल रेड डायमंड द्वारा नाली में खाद्य पदार्थ डाला गया है, जिसके कारण नाली जाम है,जिसके बाद निगम कमिश्नर के निर्देश पर होटल रेड डायमंड के खिलाफ पांच हजार का जुर्माना लगया गया है।

■ अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस

शहर के मोहल्लों में सुबह निरीक्षण के बाद निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने शाम को विकास भवन में स्वच्छता निरीक्षक तथा सर्वेक्षण के नोडल अधिकारियों की बैठक बुलाई। इस दौरान कमिश्नर श्री सर्वे ने निरीक्षकों से दो टूक शब्दों में कहा की स्वच्छता के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सफाई कार्य और कचरा कलेक्शन अपने नियत समय में होनी चाहिए। बैठक में निगम कमिश्नर ने कहा कि सर्वेक्षण के तहत सभी कार्य मिशन मोड पर करें। इस पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सभी सेनेटरी इंस्पेक्टर को अपने क्षेत्रों में सफाई कार्य की मॉनिटरिंग और नाली सफाई कार्य का सतत रूप से निगरानी करने के निर्देश दिए। सड़कों पर रखें मलबे को हटाने और कार्रवाई करने को भी कहा। निदान के माध्यम से आ रहे प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। सड़कों पर सी एंड डी यानि मलबा रखने वालों के खिलाफ़ अभियान चलाएं और जुर्माने की कार्रवाई करें। गली-मोहल्ले के जिन स्थानों का उपयोग कचरा फेंकने के लिए किया जाता है वहां कचरा नहीं डालने की अपील के साथ सौंदर्यीकरण करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ़ कार्रवाई के निर्देश दिए।

# पेयजल और खराब सड़कों पर होगा हंगामा, 33 पार्षदों ने दागे 66 सवाल




बैठक में चर्चा करतीं महापौर पूजा विधानी।

नगर निगम में करीब चार महीने बाद 13 फरवरी को होने वाली सामान्य सभा के लिए कुल 33 पार्षदों ने प्रश्न दागा है। इनकी लॉटरी शुक्रवार की दोपहर 12 बजे विकास भवन में निकाली गई। इसमें प्रश्न लगाने वालों में विपक्ष कांग्रेसी पार्षदों के मुकाबले भाजपाईयों ने अधिक सवाल पूछा है।

■ नगर निगम की सामान्य सभा चार महीने बाद 13 फरवरी को

कुल मिलाकर कांग्रेस के 13 पार्षदों ने सामान्य सभा के लिए प्रश्न लगाए हैं, जबकि सत्तापक्ष भाजपा के 20 पार्षदों द्वारा प्रश्न लगाया गया है। एक-एक पार्षदों द्वारा दो-दो प्रश्न के हिसाब से कुल 66 प्रश्न किए गए हैं। सामान्य सभा के लिए पार्षदों द्वारा तरह-तरह के प्रश्न किए गए हैं। इनमें पेयजल संकट पानी समस्या, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, आवास समस्या, सीवरेज पाइप लाइन, तालाब सौंद्रर्यीकरण कार्य से संबंधित, खराब सड़क, सीसी रोड निर्माण, मूलभूत सुविधाओं की कमी, अमृत मिशन योजना, स्ट्रीट लाईट नहीं जलने, टैक्स वसूली, मंगला में कचरा डंपिंग, साफ-सफाई समस्या सहित निर्माण एवं विकास कार्यों आदि के प्रश्न शामिल हैं।

गौरतलब है कि नगर निगम की सामान्य सभा 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे लखीराम आडिटोरियम में होगी। बैठक में कुल 15 एजेंडों पर चर्चा होगी, जिनमें शहर की सड़कों, नालियों, बिजली, पानी, गार्डन, और कॉम्प्लेक्स जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही, 100 करोड़ से अधिक के प्रस्तावों पर भी विचार किया जाएगा। यह बैठक दो महीने में होने वाली सामान्य सभा का हिस्सा है, लेकिन यह चार माह बाद की जा रही है। सामान्य सभा के पहले घंटे में प्रश्नकाल होगा, जिसमें महापौर और एमआईसी सदस्य पार्षदों के प्रश्नों का जवाब देंगे। इसके बाद अन्य प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप में दिए जाएंगे। गौरतलब है कि इससे पहले 6 अक्टूबर 2025 को सामान्य सभा की बैठक हुई थी।

# अनजान एप लिंक से साफ हो रहा है बैंक अकाउंट

**बिलासपुर**। अनजाम एप को मोबाइल में इंस्टाल करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। उसके खाते से महज कुछ ही मिनटो में 5 लाख रूपए पार हो गए। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं लोगों की गाढ़ी कमाई को सुरक्षित रखने के लिए अनजान एप को मोबाइल में इंस्टाल नहीं करने की सलाह जारी की है। बताया जा रहा है कि उस्लापुर आनंद नगर में रहने वाला व्यक्ति अस्पताल का कर्मचारी साइबर ठगी का शिकार हो गया है। पीड़ित ने बताया कि 3 फरवरी की सुबह 10 बजे उनके मोबाइल नम्बर के वॉट्सएप में फर्जी मेसेज आया। जिसमें एप लिंक था, इसमें परिवहन विभाग का लोगों दिखाई दे रहा था। एप का लिंक खोलने पर पीड़ित का बाइक नंबर मिला और चालान काटने का मैसेज प्राप्त हुआ। पीड़ित ने ई चालान होने के कारण उसपर क्लिक किया और इस दौरान महज 5 मिनट के भीतर पीड़ित के बैंक अकाउंट से 5 लाख 199 रुपये की ठगी को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू का दी है।

# स्कूल फेयरवेल पार्टी में कार और ट्रैक्टर के साथ छात्र कर रहे थे स्टंट

**बिलासपुर**। जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सर्करा में आयोजित फेयरवेल पार्टी के दौरान छात्र रील बनाने और स्टंट दिखाने के चक्कर में अपनी जान जोखिम में डालते नजर आए।

■ दोनों गाड़ियों की टक्कर में बाल-बाल बचे छात्र

पार्टी के दौरान कुछ छात्र ने कार और ट्रैक्टर लेकर स्कूल परिसर में घुसकर स्टंटबाजी की। इसी दौरान कार और ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर हो गई। हालांकि इस टक्कर में दोनों वाहन में सवार छात्र बाल-बाल बच गए। छात्रों के स्टंटबाजी का वीडियो भी सामने आया है।

दरअसल शासकीय स्कूल में सीनियर छात्रों के सम्मान में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान दो छात्र ट्रैक्टर और कार ड्राइव करते हुए स्कूल परिसर में आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों छात्र रील बनाने और स्टंट दिखाने के लिए वाहनों को तेजी से घुमाने लगे। इसी बीच कार और ट्रैक्टर की जोरदार भिड़ंत हो गई। हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन छात्र की यह हरकत काफी खतरनाक थी। स्टंटबाजी के दौरान किसी ने उन्हें रोका नहीं। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि छात्र बेखौफ होकर कार और ट्रैक्टर को स्कूल कैंपस में दौड़ा रहे थे। टक्कर के बाद वहां मौजूद दूसरे छात्र सकते में आ गए। जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे ने इस बारे में कार्रवाई की बात कही है।



# तस्करों ने किया वन विभाग की टीम को कुचलने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिले में वन विभाग के कर्मचारियों ने फिल्मी अंदाज में 6 किलोमीटर पीछा कर अवैध रेत से भरी गाड़ी को पकड़ी है। 3 फरवरी को जुआटोला से गौरेला की तरफ एक ट्रक आ रहा था, जिसमें अवैध रेत लदी थी। रेत माफिया कार पर सवार था। वन विभाग की टीम पर मध्यप्रदेश के रेत माफिया ने हमले की कोशिश की। उन्होंने कार्रवाई में शामिल कर्मचारियों को कुचलने का प्रयास किया। टीम ने रेत से लदी गाड़ियों को घेराबंदी कर कार्रवाई की, लेकिन तस्कर भागने में कामयाब रहे। जिले के अमरकंटक बॉर्डर क्षेत्र की शांत पहाड़ियों के बीच उस वक्त अफरा-तफरी मच गई। जब अवैध रेत से लदी गाड़ियों का पीछा करते हुए वन विभाग की टीम सीधे रेत माफियाओं से जा टकराई। पूरा घटनाक्रम किसी एक्शन फिल्म के सीन जैसा था। अवैध रेत तस्करी की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के अमरकंटक क्षेत्र की सीमा से लगे इलाके में मोर्चा संभाला। तभी अवैध रेत से भरी गाड़ी नजर आईं। इशारा मिलते ही टीम ने रास्ता घेरा, लेकिन खुद को घिरता देख रेत माफिया बौखला उठे। गाड़ियों की रफ्तार अचानक बढ़ा दी गई और वनकर्मियों को कुचलने तक की कोशिश की गई।



## दो माह से कुदुरमाल पुल से भारी वाहन नहीं कर रहे आवागमन

# क्षतिग्रस्त कुदुरमाल पुल मरम्मत के लिए सेतु निगम को नहीं मिली एजेंसी



जर्जर पुल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुदुरमाल पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद उसके मरम्मत के लिए सेतु निगम और पीडब्ल्यूडी को एजेंसी तलाश करने की जिम्मेदारी दी गई थी लेकिन दोनों ही विभाग एजेंसी का चयन नहीं कर सके हैं। दो माह से कुदुरमाल पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगने के बाद भारी वाहनों के शहर के अंदर से गुजरने पर दबाव बढ़ गया है। वहीं प्रशासन ने कोई नए वैकल्पिक मार्ग की तलाश भी नहीं कर सका है।

बिलासपुर और अन्य जिलों से भारी वाहनों का आवागमन हसदेव नदी पर बने कुदुरमाल पुल से होता था। जिसके एक बेरिंग के क्षतिग्रस्त होने के बाद किसी भी तरह के बड़े हादसे की आशंका को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने पुल का निरीक्षण कर इसकी स्थिति को भारी वाहनों के आवागमन के लायक ना मानते हुए सेतु निगम की रिपोर्ट पर लोक निर्माण विभाग ने नवंबर महीने से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई थी। तब से भारी वाहनों का आवागमन कनकी तरदा मार्ग होते हुए बालको रिंग रोड होते चांपा निकल रहे हैं। इससे शहर के बीचोंबीच से भारी वाहनों के आवागमन का दबाव बढ़ जाने के कारण शहर के प्रमुख मार्गों में आम लोगों को जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। क्षतिग्रस्त पुल के मरम्मत हेतु लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम को पुल की मरम्मत के लिए एजेंसी के चयन करने की जिम्मेदारी दी गई थी। पुल के मरम्मत हेतु तकनीकी रुप से कुशल और दक्ष एजेंसी के प्रदेश में नहीं होने के कारण इसकी तलाश कोलकाता और हैदराबाद के एजेंसियों से संपर्क साधने का काम किया गया लेकिन दो माह गुजर जाने के बाद भी एजेंसी का चयन नहीं हुआ है। बताया जाता है कि पुल की मरम्मत में आने वाले खर्च का प्रस्ताव राज्य शासन को विभाग के द्वारा भेजा गया है और अब तक ना तो मरम्मत के लिए एजेंसी तय हुई और ना राशि की स्वीकृति मिली।

### ढेंगुरनाला पुल भी हो चुका है क्षतिग्रस्त



रिंग रोड में बालको रिसदी के बीच बनाया गया ढेंगुरनाला का पुल भी क्षतिग्रस्त हो चुका है। बार बार पुल के मरम्मत का कार्य कराए जाने के बाद भी पुल की खराब हालत में उस स्तर का सुधार नहीं आ पा रहा है जिससे पुल को भारी वाहनों के आवागमन हेतु उपयुक्त माना जा सके किंतु उसके बावजूद वर्तमान में भारी वाहनों का दबाव बालको रिसदी ढेंगुरनाला पुल पर बढ़ गया है। उक्त पुल भी लगभग 30 साल से ज्यादा पुराना होने के कारण मरम्मत की बांट जोह रहा है।

### छोटे छोटे मरम्मत कार्य ही होते रहे पुल पर

कुदुरमाल पुल हो या हसदेव बराज पुल या फिर रिसदी ढेंगुरनाला पुल ये तीनों पुल आवागमन के लिए प्रमुख आधार हैं। जब भी इन पुलों में किसी भी तरह की क्षतिग्रस्त होने का मामला सामने आया है। तब तब इन पुलों पर छोटे छोटे मरम्मत कार्य कर इन्हें वाहनों के आवागमन हेतु तैयार किया जाता रहा है। इन तीन पुलों की स्थिति को देखते हुए इनके समानांतर नए पुल निर्माण की आवश्यकता बनी हुई है। जिसमें हसदेव बराज पुल के समानांतर एक नया पुल का निर्माण जरूर कर लिया गया है। वहीं ढेंगुरनाला पुल के समानांतर पुल निर्माण की कार्ययोजना अभी तक सामने नहीं आयी है।

# डीएसपीएमटीपीएस खेल सप्ताह का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में श्रम कल्याण समिति के द्वारा आयोजित खेल सप्ताह का समापन 28 जनवरी को किया गया। इस अवसर पर विद्युत गृह स्कूल परिसर स्थित खेल मैदान में समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अभियंता (उत्पादन) संजीव कंसल, अति. मुख्य अभियंता (ओ एंड एम) सुनील सरना, अति. मुख्य अभियंता (एफ.एम.) एल.एन. सूर्यवंशी, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्रीमती मालती जोशी, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिदार एवं क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव पी.आर. वार्ते की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विद्युत कर्मियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, टीम भावना का विकास करना तथा सकारात्मक कार्यसंस्कृति को प्रोत्साहित करना है। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मानसिक स्फूर्ति और आपसी सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह के अंतर्गत महिला वर्ग एवं पुरुष वर्ग के कर्मियों द्वारा रोमांचक फाइनल मुकाबले खेले गए, जिनमें प्रतिभागियों ने खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आयोजन को सफल बनाया। इस खेल सप्ताह में कर्मियों, गृहणियों एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, क्रिकेट, वालीबॉल एवं एथलेटिक्स प्रमुख रूप से शामिल थे। इस खेल सप्ताह का सफल आयोजन कराने हेतु सरोज राठौर, घनश्याम साहू, सागर देवांगन, टी.पी. गुप्ता, संजय सिंह, चित्रेश हनोतिया, प्रवेश पाठक, चन्द्रशेखर जैसवाल, सुदेश्वर देवांगन, संतोष सिंह, उदय राठौर, मुकेश साहू एवं अन्य कर्मचारियों ने महत्पूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त डीएसपीएमटीपीएस कोरबा पूर्व के श्रम कल्याण विभाग द्वारा 7 फरवरी को जूनियर क्लब में आनंद मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह के सभी प्रकार के खेलों का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में पीएमएनएम का आयोजन 9 को

**कोरबा।** अप्रेंटिसशिप योजनान्तर्गत प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएम) का आयोजन आईटीआई कोरबा में किया जा रहा है। आईटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योगों/प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षाणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन एवं नियोजन किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि एवं आईटीआई उत्तीण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में 9 फरवरी को प्रातः 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन एवं नियोजन की कार्यवाही कर सकते हैं।

### पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**कोरबा।** पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा सत्र जनवरी-दिसंबर हेतु विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विश्वविद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी वर्गों तक पहुँचाने के उद्देश्य से इस सत्र में भी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा तथा प्रमाणपत्र स्तर के कई पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा अनुरोध किया गया है कि जो विद्यार्थी किसी कारणवश नियमित शिक्षा से वंचित रह जाते हैं अथवा अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाना चाहते हैं। वे संपूर्ण जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पीएसएसओयू पर प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इच्छुक अभ्यर्थी निकटतम अध्ययन केंद्र पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र, पुराना आरटीओ कार्यालय के समीप में संपर्क कर विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

### पाली महोत्सव हेतु रूचि की अभिव्यक्ति 10 फरवरी तक आमंत्रित


**कोरबा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव 2026 सामुदायिक आदिवासी कला, हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक प्रोत्साहन कार्यक्रम का 15 एवं 16 फरवरी को विकासखंड पाली के ग्राम केराझरिया में किया जाएगा। जिसमें स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पाली महोत्सव में जिले के प्रतिष्ठित/खाति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुत देना चाहते हैं उनसे निर्धारित प्रारूप अनुसार आवश्यक दस्वावेज, सीडी, पेन ड्राईव, गूगल फॉम में अपलोड, वेबसाईट लिंक, यूट्यूब लिंक इत्यादि सहित प्रविष्टि 12 फरवरी तक आमंत्रित की गई थी। जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए अब प्रविष्टि 10 फरवरी शाम 4 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास में आमंत्रित की गई है।

### चैतुरगढ़ थंडर राइड साइकिल रेस 15 से

**कोरबा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आगामी 15 व 16 फरवरी को दो दिवसीय पाली महोत्सव का आयोजन ग्राम केराझरिया, पाली के महोत्सव ग्राउंड में किया जा रहा है। स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महोत्सव के पहले दिन पाली चैतुरगढ़ थंडर राइड साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह रेस पाली से शुरू होकर चैतुरगढ़ तक संपन्न होगी, जिसमें 15 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरुष प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है, जिसमें महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 25 हजार रुपये, द्वितीय स्थान हेतु 15 हजार रुपये और तृतीय स्थान के लिए 10 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे।

## निधन

### पंजल दास सावलानी



**कोरबा।** इंदिरा विहार प्लॉट नंबर 319 टीपी नगर निवासी पंजल दास सावलानी 85 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र एवं एक पुत्री सहित नाती पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से 7 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे निकलेगी।

### हेमंत पुंडलिक



**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी और श्री तिरुपति बालाजी फ्यूल्स के संचालक हेमंत पुंडलिक का गुरुवार की दोपहर निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शहर के व्यावसायिक जगत और कोसाबाड़ी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। श्री पुंडलिक संजय पुंडलिक के छोटे भाई थे, वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार पोड़ीबहार स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

# बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए जिला पंचायत सीईओ ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग की अध्यक्षता एवं जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी. उपाध्याय की उपस्थिति में जिला पंचायत सभा कक्ष में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित की गई प्री बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा हेतु प्राचार्यो एवं विषय व्याख्याताओं की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्री-बोर्ड परीक्षा के परिणामों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पंचायत सीईओ ने 50 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्यों एवं 40 प्रतिशत से कम परिणाम देने वाले व्याख्याताओं को शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। सीईओ ने प्राचार्यों को निर्देशित किया कि वे विद्यालय में छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें और 15 फरवरी तक छात्रों को सघन अध्ययन हेतु प्रेरित करते हुए परीक्षा परिणाम में गुणात्मक सुधार लाएं। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान में परीक्षा का समय अत्यंत निकट है, इस हेतु छात्रों को ब्लूप्रिंट के आधार पर तैयारी कराएं और उन्हें अधिक अंक प्राप्त करने की तकनीक एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के अभ्यास पर विशेष ध्यान दें। साथ ही छात्रों को पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल कराने हेतु प्रोत्साहित करने और शिक्षकों को नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर अध्यापन कार्य सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में जिले के 43 हाई स्कूल एवं 18 हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य तथा 60 व्याख्याता उपस्थित रहे।

# कायाकल्प आयुष राज्य स्तरीय पुरस्कार में जिले के आयुष को मिला प्रथम एवं द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत संचालित कायाकल्प आयुष कार्यक्रम में वर्ष 2024 हेतु स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, भवन एवं परिसर रखरखाव, सौंदर्यीकरण तथा सेवा गुणवत्ता आधारित मानकों पर जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की है। आयुष सेंटर एवं स्पेशियलिटी क्लिनिक श्रेणी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह आयुष (होम्योपैथी) केंद्र रामपुर ने प्रथम स्थान और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह आयुष (होम्योपैथी) केंद्र सरगबुंदिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर पूरे प्रदेश में जिले का गौरव बढ़ाया है।

यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव चिकित्सा शिक्षा (आयुष) अमित कटारिया (भा.प्र.से), आयुष संचालक सुश्री संतन देवी जांगड़े (भा.प्र.से) और संयुक्त संचालक डॉ. सुनील कुमार दास की उपस्थिति में प्रदान किया गया। कोरबा की ओर से जिला आयुष अधिकारी डॉ. उदय शर्मा ने यह सम्मान प्राप्त किया। प्रथम स्थान के लिए केंद्र रामपुर को 75,000 रुपये एवं प्रशस्ति पत्र तथा द्वितीय स्थान के लिए केंद्र सरगबुंदिया को 50,000 रुपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। डॉ. उदय शर्मा ने कहा कि आयुष विभाग जनसामान्य, आदिवासी, श्रमिक, ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में रहने वाले नागरिकों तक आयुष पद्धति की प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने जिला कलेक्टर कोरबा श्री कुणाल दुदावत (भा.प्र.से) के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में आयुष टीम के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। डॉ. शर्मा ने केंद्र रामपुर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्यामाचरण साहू और केंद्र सरगबुंदिया के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित कुमार जाटवर को विशेष रूप से शुभकामनाएं दीं और कहा कि दोनों केंद्रों ने सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता और मरीज हितैषी वातावरण के आधार पर उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। उन्होंने जिले में आयुष विभाग द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का भी उल्लेख किया। आयुष पॉलीक्लीनिक डिंगापुर, कोरबा में संचालित आधुनिक ओटी और आईपीडी के माध्यम से अब तक 31 मरीजों का सफल उपचार किया जा चुका है। आयुर्विद्या राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत 103 स्कूलों में आयोजित जागरूकता शिविरों में 7,483 बच्चों को आयुष पद्धति की जानकारी दी गई। व्योमित्र कार्यक्रम के अंतर्गत सत्र 2025-26 में 76,889 वृद्धजनों को उपचार प्रदान किया गया, जबकि ऑस्टियो आर्थराइटिस एवं मस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 में 9,335 मरीज पंचकर्म चिकित्सा से लाभान्वित हुए।

# नगरीय प्रशासन विभाग ने 14 कार्यों के लिए 2.88 करोड़ की राशि की स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कोरबा जिले के कटघोरा नगर पालिका में 14 कार्यों के लिए दो करोड़ 88 लाख 10 हजार रुपए की स्वीकृति दी है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से राशि की मंजूरी का आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कटघोरा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-15 में बरभांठा में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 14 लाख 92 हजार, मरखीमाता मंदिर के पास शेड निर्माण के लिए 18 लाख रुपए तथा नाली निर्माण के लिए 3 लाख 85 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। विभाग द्वारा वार्ड क्रमांक-2 में रेस्ट हाउस बाउंड्री वॉल से मेला ग्राउंड तक सीसी रोड के लिए 19 लाख रुपए, बी.आर. अंबेडकर भवन में बाउंड्री वॉल के लिए 24 लाख 75 हजार रुपए, बीएसएनएल ऑफिस से बी.आर. अंबेडकर भवन तक सीसी रोड के लिए 28 लाख 32 हजार रुपए, सामुदायिक भवन के लिए 14 लाख 92 हजार रुपए तथा सीसी रोड के लिए 12 लाख 92 हजार रुपए की मंजूरी दी गई है। नगरीय प्रशासन विभाग ने कटघोरा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-14 में पुलिया निर्माण के लिए 33 लाख 74 हजार रुपए एवं वार्ड क्रमांक-13 में सामुदायिक भवन के लिए 29 लाख 93 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। नगर पालिका के नवीन कार्यालय भवन में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 17 लाख 88 हजार रुपए तथा वाहन पार्किंग हेतु शेड निर्माण के लिए 18 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। विभाग ने वार्ड क्रमांक-4 में सरगबंद तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख 77 हजार रुपए और आरसीसी नाली एवं स्लैब निर्माण के लिए एक लाख 10 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

### निगम के फेस आफ द मंथ चुने गए ब्रजेन्द्र, भूषण व रतन सिंह

**कोरबा।** नगर निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह, इलेक्ट्रीशियन भूषण शर्मा एवं हेल्पर मजदूर रतन सिंह कंवर को फरवरी माह का फेस आफ द मंथ चुना गया है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने फेस आफ द मंथ चुने गए इन कर्मचारियों को बधाई दी है तथा कार्य के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की है। कि आज से 1 वर्ष पूर्व निगम का फेस आफ द मंथ चुने जाने का सिलसिला प्रारंभ हुआ था, इसका मुख्य उद्देश्य निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित करना, उनका उत्साहवर्धन करना एवं अन्य कर्मचारियों को भी इस हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करना था। इसी कड़ी में निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह, इलेक्ट्रीशियन भूषण शर्मा एवं हेल्पर मजदूर रतन सिंह कंवर को फरवरी माह के लिए निगम का फेस आफ द मंथ चुना गया है। फेस आफ द मंथ चुने गए ब्रजेन्द्र सिंह, भूषण शर्मा एवं रतन सिंह कंवर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि निगम प्रशासन ने हम लोगों के परिश्रम व कार्य के प्रति हमारी निष्ठा के लिए हमें जो सम्मान दिया है, उसके लिए हम निगम प्रशासन के प्रति दिल से आभारी हैं, उन्होने कहा कि हम अपने आपको सम्मानित महसूस कर रहे हैं, हमें इससे यह प्रेरणा मिली है कि हम आगे और भी अधिक अच्छा कार्य करें, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते रहें।

### हाई स्कूल अकलतरी में विदाई व सम्मान समारोह आयोजित

अकलतरी। हाई स्कूल अकलतरी के कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। विद्यालय में विदाई एवं आशीर्वाद समारोह का कार्यक्रम कक्षा छठवीं, सातवीं, आठवीं एवं नवमी के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें उनके द्वारा अपने विद्यालय के उच्च कक्षा की कक्षा दसवीं के दीदी-भैया लोगों को स्मृति भेंट भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संस्था के प्राचार्य देव प्रसाद मिरी द्वारा संबोधित करते हुए बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा भी बच्चों को शांत मन से परीक्षा को भय मुक्त होकर तैयारी करने की बात बताई गई। विदाई एवं आशीर्वाद समारोह में विद्यालय की व्याख्यातागण में मोहन कृष्ण साहू, जीआर खूंटे, राकेश कुमार अहिरवार, श्रीमती माधुरी कुलदीप, शिव कुमार यादव, अरुण कुमार गोंड़, हरवंश रात्रे, सुनील यादव,श्री संदीप सिदार एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### मनरेगा के पशु शेड निर्माण से नारायण को गौपालन में मिली नई राह

**कोरबा।** ग्राम पंचायत कोनकोना, विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के निवासी और मनरेगा में रोज़ मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले हितग्राही नारायण पिता श्री धर्मजीत की कहानी इसका जीवंत उदाहरण है। छोटा व्यवसाय शुरू करने और गौपालन से आमदनी बढ़ाने का सपना उनके मन में था, पर साधनों की कमी उन्हें आगे कदम बढ़ाने से रोक रही थी। नारायण की समस्या समझते हुए ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित किया और 77 हजार रुपये की लागत से पशु शेड निर्माण की स्वीकृति दी। पशुशेड बनने से पहले नारायण कई परेशानियों से जूझ रहे थे, बारिश, ठंड और गर्मी से पशुओं को सुरक्षित रखना भारी पड़ता था। पक्का शेड बन जाने के बाद यह सभी समस्याएं खत्म हो गईं। अब पशु सुरक्षित हैं, बीमारियां कम हुई हैं, और देखभाल भी आसान हो गई है।

**न्यायालय तहसीलदार दीपका**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयपाल सिंह पिता छत्तर सिंह जाति कंवर साकिन गेवरा चुनचुनी तहसील दीपका के द्वारा ग्राम गेवरा तहसील दीपका में स्थित भूमि ख.न. 1254/3, 1254/4, 1293/7 रकबा 0.121, 0.202 हे. भूमि को विक्रेता / खातेदार कुलवंतबाई बेवा चमार सिंह से दिनांक 12.09.2013 को क्रय किया गया है। जिसका नामांतरण आवेदक के नाम पर वर्ष 2013-14 में किया गया है। आवेदित भूमि के वर्तमान कम्प्युटर रिकार्ड बी-1, खसरा, पांचसाला में विक्रेता कुलवंत बाई बेवा जयपाल सिंह का नाम दर्ज होने से सुधार कर अपने नाम पर दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 18/02/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 02/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया।

**तहसीलदार**
**दीपका**

प्रो.नं. 16/26 — प्रकरण क्रमांक 18/2025
पेशी तारीख -23.02.2026

**आम ईश्तहार/नोटिस**
**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा (छ.ग.)**

सम्मार सिंह ....................आवेदक
**बनाम**
आम जनता.............................. अनावेदक

उपरोक्त आवेदक सम्मार सिंह के द्वारा आमजनता के विरुद्ध धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम 1995 के तहत मृतक धन सिंह (जिसका मृत्यु दिनांक 23.03.2025) का माननीय प्रथम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के खाते में जमा राशि 3,84,000 रुपए (तीन लाख चौरासी हजार रुपए) की रकम मय बोनस राशि को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त प्रकरण की आगामी दिनांक 23.02.2026 है। अतः अनावेदकगण, (आम जनता जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक को सुबह 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी। नोटः-अगर उक्त दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 02.02.2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(कु. मयूरा गुप्ता)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### छात्र-छात्राओं ने अडानी पवार प्लांट का किया भ्रमण

**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल आमगांव के शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राओं ने उरगा पताढ़ी जाकर अडानी पावर प्लांट में भ्रमण किए गए। इस दौरान सभी ने बिजली बनने के साथ-साथ पवार प्लांट की सारी प्रक्रिया देखी और समझा। भ्रमण में बच्चों के साथ देने वाले प्राचार्य लक्ष्मी कुमार डहरिया, व्याख्याता एली मंजूषा तिर्की व उमा कंवर सहायक ग्रेड 2 सहित प्लांट के कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीण बच्चों ने पहली बार किसी पवार प्लांट के अंदार जाकर बिजली बनने की सारी प्रक्रिया देखी, जिससे वे सभी काफी उत्साहित नजर आए। प्राचार्य लक्ष्मी कुमार डहरिया ने बताया कि शिक्षा के साथ इस तरह के भ्रमण जो उनके भविष्य के लिए जरुरी है।

### वरिष्ठ स्वयं सेवक अलका कंवर का किया गया सम्मानित



**चैतमा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय रासेयो चैतमा के वरिष्ठ स्वयं सेवक अलका कंवर सेजस चैतमा में सम्मानित किया। उन्होंने राजधानी नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस पर परेड में शामिल हुईं। जिसमें देश की सैन्य शक्ति, सांस्कृतिक विविधता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रदर्शन होता है। इस ऐतिहासिक परेड की सलामी व्यवस्था और आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की सहभागिता विशेष महत्व रखती है। राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करना है। गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान एनएसएस स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में उपस्थित रहकर राष्ट्रध्वज और परेड की सलामी में भाग लेते हैं। उनका सधा हुआ व्यवहार, एकरूप वेशभूषा और देशभक्ति से ओत-प्रोत मनोभाव समारोह की गरिमा को और बढ़ा देता है।

### नेशनल थाई बॉक्सिंग मेडलिस्ट खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



**बालको।** पुणे महाराष्ट्र में आयोजित कैडेट, जूनियर एवं सीनियर नेशनल थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जिले के ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी के बॉक्सरों ने किया शानदार प्रदर्शन किया। जिला थाई बॉक्सिंग संघ के सचिव एवं ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी के डायरेक्टर अजीत शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता 30 जनवरी से 1 फरवरी तक पुणे महाराष्ट्र सतारा महाबलेश्वर में आयोजित हुई। जिसमें 15 राज्यों की टीम ने इसमें भाग लिया। जिसमें जिले से ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी से कुल 8 बॉक्सर्स ने इस प्रतियोगता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक एवं 1 कांस्य पदक अपने नाम किया है। पदक जीतने वालों में आयुष उरांव, श्रेया नेगी, अनुज अग्रवाल, राजेश्वरी लहरे, गौरव चौहान, निखिल पैकरा, अभिषेक तिवारी शामिल हैं। इसके अलावा बेहतर प्रदर्शन के साथ प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा।

### सीएमएचओ ने सीएचसी करतला का किया निरीक्षण

कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करतला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

## गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के एशिया हेड श्री विश्वनोई ने की घोषणा

# कोरबा ने रचा इतिहास, हासिल किया विश्व का रेयर टू रेयरेस्ट रिकार्ड

### पिथौरागढ़ के एक घंटे में 7594 हस्ताक्षर का रिकार्ड किया ध्वस्त



शपथ ग्रहण करते उद्योग मंत्री एवं कलेक्टर।



प्रशस्ति पत्र लेते महापौर एवं निगम आयुक्त।





कार्यक्रम में उपस्थित आमजनमानस एवं मौके पर उमड़ी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के लिए 6 फरवरी का दिन स्वर्णिम दिवस के रूप में याद किया जाएगा। नगर निगम के महासंकल्प 2026 के बैनर तले शुक्रवार को कोरबा ने एक ऐसा कीर्तिमान बनाया है, जिसे खंडित कर पाना हर किसी के लिए जल्द संभव नहीं होगा। कोरबा ने गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड का एक ऐसा ताज पहना है, जिसकी चमक देश में ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर भी बिखरेगी।

**खास बात**

- स्वच्छता शपथ के 280 मीटर लंबे एक ही बैनर पर 20 मिनट में 15 हजार 500 हस्ताक्षर का बना वर्ल्ड रिकार्ड

गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के एशिया हेड डॉ.मनीष विश्नोई ने इस वर्ल्ड रिकार्ड की घोषणा करते हुए कहा कि कोरबा द्वारा आज बनाया गया रिकार्ड वर्ल्ड का रेयर टू रेयरेस्ट रिकार्ड है, मैं चमत्कृत हूं, कोरबा का यह कारनामा ऐतिहासिक है, यह पहला मौका है कि कोई भी रिकार्ड डबल मार्जिन से क्रेक किया गया हो। उन्होंने कहा कि स्वच्छता शपथ के एक ही बैनर पर एक घंटे की समयसीमा में 7594 हस्ताक्षर करने का रिकार्ड उत्तराखंड के पिथौरागढ़ शहर का था, जिस ध्वस्त करते हुए कोरबा ने केवल 20 मिनट में 15 हजार 500 हस्ताक्षर कर एक ऐसा रिकार्ड बनाया है, जिसे तोड पाना सुगम नहीं होगा। विगत एक सप्ताह से नगर निगम द्वारा जिला व पुलिस प्रशासन के सहयोग से की जा रही व्यापक तैयारियों के पश्चात 6 फरवरी को प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड कायम करने के लिए स्वच्छता शपथ के 280 मीटर लंबे एक ही बैनर पर हस्ताक्षर करने के महाअभियान का आयोजन आज सम्पन्न हुआ। आयोजन में कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी का विशिष्ट आतिथ्य प्राप्त हुआ। वहीं आयोजन की मेजबानी महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय एवं सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने की। इस मौके पर निगम के पार्षद व जनप्रतिनिधिगण, जिले के प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकारबंधु, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, विद्यालयीन छात्र-छात्राएं, महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों, नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों सहित कोरबा के नागरिकबंधुओं ने अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान की।

**हम सबका सपना हुआ साकार**

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि कोरबा के लिए ऐतिहासिक दिन है। हमारे कोरबा वासियों ने एक ऐसा रिकार्ड बनाया है, जिसकी गूंज देश-विदेश तक पहुंचेगी। आज हम सबकी मेहनत सफल हुई है, हमारा सपना साकार हुआ है, हमने बहुत बडे मार्जिन के साथ पूर्व का रिकार्ड ध्वस्त किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में हम कोरबा को देश का स्वच्छतम शहर बनाने में भी कामयाब होंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग में भी कोरबा को सम्मान दिलाएंगे, ऐसा मैं विश्वास रखती हूं।

**स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में भी बनेगा नम्बर वन**

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि हमें गर्व है अपने कोरबा एवं यहां की देवतुल्य जनताजनार्दन की सहभागिता पर। आज हमारे कोरबा ने एक ऐसा वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है, जिसे जल्दी तोड़ पाना संभव नहीं होगा। हमारा कोरबा स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग में देश का नम्बर वन शहर पर आसीन हो, इसके लिए हम सभी स्वच्छता पर लगातार कार्य करेंगे एवं कोरबा को एक और बड़ा सम्मान दिलाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत का जो सपना संजोया था, उस सपने को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के मार्गदर्शन में हमारा नगर निगम पूरा कर रहा है, इसके लिए मैं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, निगम के पार्षदबंधु व अधिकारी कर्मचारियों एवं कोरबा के समस्त नागरिकबंधुओं को साधुवाद देता हूं।

**ऐसा रिकार्ड जो वर्षों किया जाएगा याद: आयुक्त**

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि हमारे कोरबा को आज बहुत बड़ा सम्मान मिला है। नगर निगम व जिला प्रशासन के महासंकल्प 2026 के बैनर तले कोरबा ने आज एक ऐसा रिकार्ड बनाया है, जो बर्षा तक याद किया जाएगा व इस रिकार्ड को तोड़ पाना भी सुगम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व रिकार्ड को डबल मार्जिन व आधे से भी कम समय पर क्रेक करना एक ऐसी उपलब्धि है। जिसे पाने के लिए हमारे निगम के अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों ने, पत्रकारबंधुओं, छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवी संगठनों एवं महिला स्वसहायता समूह सदस्यों ने तथा कोरबा के जागरूक नागरिक बंधुओं ने अपनी सम्पूर्ण इच्छा शक्ति के साथ अपनी सहभागिता दी।

### मां की मौत से क्षुब्ध पुत्र ने जहर खाकर कर लिया आत्महत्या


**कोरबा।** तीन माह पूर्व मां की मौत से क्षुब्ध एक 20 वर्षीय युवक ने जहर खाकर मौत को गले लगा लिया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरु कर दिया है। मामला हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम मोहरियामुड़ा की है। यहां निवासरत विक्रम कुमार मनहर 20 वर्ष की मां तीन माह पूर्व बीमारी की वजह से मौत हो गई थी। मां के मौत होने के बाद विक्रम गुमशुम रहता था। 3 फरवरी को विक्रम ने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था जब उसकी तबियत बिगड़ी तो परिजनों को पता चला कि उसने जहर खा लिया है। जिसके बाद परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान विक्रम की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कार्य कर जांच शुरु कर दी है।

### मदनपुर पहुंचा हाथियों का झुण्ड

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के पसरखेत रेंज अंतर्गत केराकछार के जंगल में लगभग एक सप्ताह तक विचरण करने के बाद 15 हाथियों का दल बीती रात रेंज के मदनपुर क्षेत्र में पहुंच गया है। हाथियों ने यहां पहुंचते ही उत्पात मचाया और पांच ग्रामीणों के खेतों व बाड़ी में घुसकर वहां लगे धान के रबी फसल तथा सब्जी-भाजी को तहस-नहस कर दिया। जिससे संबंधितों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के क्षेत्र में आने तथा उत्पात मचाए जाने की जानकारी ग्रामीणों को आज सुबह तब लगी जब वे अपनी बाड़ी तथा खेतों में पहुंचे तो वहां लगे फसल को तहस-नहस पाया। इसकी तत्काल सूचना वन विभाग को दी गई, जिस पर उसके अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं। मदनपुर व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान शुरू कर दिया गया है। उधर कुदमुरा रेंज के कलमीटिकरा में विचरण कर रहे दो दंतैल हाथियों ने भी बाड़ी में घुसकर नुकसान पहुंचाया है।

## आमाखोखरा में नशामुक्ति व साइबर सुरक्षा की अलख, महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा




पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार पूरे जिले में सजग कोरबा अभियान के तहत नशामुक्ति, साइबर अपराधों की रोकथाम और यातायात नियमों को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को कटघोरा थानांतर्गत ग्राम आमाखोखरा में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नीतीश ठाकुर एवं एसडीओपी विजय सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में, कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व में एसआई राम पांडेय, आरक्षक रमेश कश्यप, जितेंद्र जोशी एवं महेंद्र साहू की टीम ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को नशामुक्ति, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत आमाखोखरा के सरपंच प्रदीप कुमार की उपस्थिति में बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि यदि गांव में कोई व्यक्ति शराब पीने या बेचने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना मिलते ही शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान ग्राम आमाखोखरा की महिलाओं ने एकजुट होकर नशामुक्ति रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भाग लेकर शराब के खिलाफ सशक्त संदेश दिया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में अवैध शराब बिक्री के कारण युवा वर्ग गलत दिशा में जा रहा है और दिनभर नशे की गिरफ्त में रहता है, जिससे गांव का सामाजिक माहौल लगातार खराब हो रहा है। एसआई राम पांडेय ने ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, यातायात नियम और नशामुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

## निगम के 21 कर्मचारियों की पदोन्नति, 39 को मिली क्रमोन्नति, सात को किया स्थायीकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नव वर्ष का फरवरी महीना निगम के चतुर्थ व तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के लिए खुशी का पैगाम लेकर आया, जब निगम के 21 कर्मचारियों को पदोन्नति मिली, तो वहीं 39 कर्मचारियों को क्रमोन्नति प्रदान की गई, इसी प्रकार 7 कर्मचारियों का स्थायीकरण भी किया गया।

सभी कर्मचारियों ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के प्रति आभार व्यक्त किया है, तो वहीं आयुक्त श्री पाण्डेय ने कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश पत्र प्रदान कर पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। निगम के स्थापना शाखा प्रभारी एवं उपायुक्त पवन वर्मा ने बताया कि काफी समय से पदोन्नति की बाट जोह रहे निगम के चतुर्थ व तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति दिए जाने के साथ ही कर्मचारियों को क्रमोन्नति व उनका स्थायीकरण आदि भी किया गया है। 21 कर्मचारियों को पदोन्नति प्राप्त हुई है, तो वहीं दूसरी ओर 39 कर्मचारियों को क्रमोन्नति दी गई है, इसके साथ ही विभिन्न पदों पर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त कर्मचारियों की 3 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने पर उनका स्थायीकरण भी किया गया। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश पत्र प्रदान किया।

## घर के पाइप लाइन में बैठा अजगर रेस्क्यू कर छोड़ा गया जंगल में

**कोरबा।** सीतामणी कुम्हार मोहल्ला में एक व्यक्ति के घर के पाइप में सुबह करीब 5 बजे एक अजगर दिखाई देने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घर वालों ने तुरंत इसकी सूचना वन्यजीव संरक्षण में सक्रिय संस्था वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम (नोवा नेचर) एवं रेस्क्यु विशेषज्ञ जितेंद्र सारथी को दी जिस पर थोड़ी देर में पहुंचने की बात कहीं। नोवा नेचर की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद करीब 9 फीट लंबे अजगर का सुरक्षित रेस्क्यु कर उसे थैले में रखा गया। इसके पश्चात वन विभाग को सूचना देकर अजगर को उसके प्राकृतिक रहवास जंगल क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## कुसमुंडा खदान से प्रभावित ग्राम जरहाजेल के भूविस्थापितों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# अधिग्रहित जमीन की वापसी व पेड़ कटाई पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित ग्राम जरहाजेल के भूविस्थापितों ने अधिग्रहित जमीन किसानों को वापस करने व पेड़ों की कटाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। भूविस्थापितों का आरोप है कि कुसमुंडा प्रबंधन व जिला प्रशासन द्वारा ग्राम जरहाजेल में अन्य ग्रामों की पुनर्वास के लिए बुल्डोजर चलाकर पेड़ की कटाई की जा रही है। जबकि जमीन अर्जन के लिए वर्ष 1983 में पारित अवार्ड में स्पष्ट रूप से 20 वर्ष बाद मूल खातेदारों को जमीन वापस करने की शर्त रखी गई थी। इसके बावजूद जबरदस्ती किसानों के साथ अन्यायपूर्ण कार्यवाही की जा रही है।

जरहाजेल के भूविस्थापित दामोदर श्याम, इंद्र प्रकाश और घासीराम कैवर्त ने कहा है कि उक्त भूमि को मध्यप्रदेश भू राजस्व सहिता 1959 की धारा 247/1 के तहत भूमि का अधिग्रहण किया गया था और एसईसीएल तत्कालिन पश्चिमी कोयला प्रक्षेत्र कुसमुण्डा कालरी के प्रबंधक द्वारा तत्कालिन अतिरिक्त कलेक्टर कोरबा (म.प्र.) को कोयला उत्खनन के लिए म.प्र. भू राजस्व सहिता 1959 कि धारा 247/3/ के तहत अनुमति चाही गई थी जिसपर न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर कोरबा म.प्र. राजस्व प्रकरण क्र.2/ अ-67/82-83 दिनांक 27/04/1983 को आदेश पारित कर पाँच बिंदुओ के शर्तों के आधार पर दखल करने का अधिकार दिया गया था। जिसके तहत न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर कोरबा म.प्र. के द्वारा उल्लेखित शर्तों के अनुसार पारित आदेश 27/04/1983 के बाद 20 वर्षों के बाद उत्खनन- हुए क्षेत्र एवं आवास गृह, रेलवे लाईन सडक आदि निर्माण के लिए चाही गई जमीन को 60 वर्षों के बाद भू-स्वामियों को वापस करना होगा। संबंधित व्यक्ति को भूमि के वापसी तक भू-राजस्व शासन द्वारा निर्धारित आधार पर अदा करना होगा विस्थापित परिवारो को आवश्यक सुविधाए कंपनी द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य शासन द्वारा समय-समय पर बनाए गये नियम व शर्तों के लिए कंपनी बंधन कारी होगा। उन्होंने कहा कि इस आदेश पत्र में निहित शर्तो में अपने परियोजना अंतर्गत अन्य गाँवों को बसाहट दिए जाने का प्रावधान नहीं रखा गया था। उसके बावजूद इस क्षेत्र में पुनर्वास देने का प्रयास किया जा रहा है जो अनुचित है। जरहाजेल गांव में आज भी रोजगार एवं मुआवजा के कई प्रकरण लंबित है जमीन जाने के बाद विस्थापित रोजगार के लिए भटक रहे हैं किसी भी विस्थापित को बसावट प्रदान नहीं किया गया है। जमीन अधिग्रहण के एवॉर्ड उपलब्ध नहीं होने के नाम पर दर्जनों रोजगार को रोक कर रखा गया है जब एवॉर्ड कैसे हुआ एसईसीएल बता ही नहीं पा रहा है तो जमीन का उपयोग कैसे किसानों की जमीन का उपयोग एसईसीएल ने किया। यदि आवश्यक ही था तो आवार्ड में दिए गए प्रावधान के अनुसार राज्य सरकार के नीति का पालन कर किसानो के पुनःअर्जन की कार्यवाही किया जाना था जिसका पालन नहीं किया जा रहा है। जरहाजेल के भू विस्थापितों ने अधिग्रहित जमीन पर लगे पेड़ों की कटाई को तत्काल रोकने के साथ जमीन को मूल खातेदारों परिवार के सदस्यों को सुपुर्दगी करना सुनिश्चित करने की मांग की है और कहा है ऐसा नहीं होने पर आगे उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

